श्रीकृष्ण भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

हिन्दी साप्ताहिक

# श्रम शिखर

सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 17 अंक 03
विक्रम संवत 2081
पौष पूर्णिमा से
माघ कृष्ण पंचमी तक
13 जनवरी सोमवार से
19 जनवरी रविवार 2025 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर **सरकारी विभाग** उपलब्धियां और योजनाएं | मेरठ राइजिंग

शासकीय विभागों से निवेदन कि अपनी उपलब्धियां, योजनाएं, विस्तृरित परिचय प्रकाशनार्थ भेजें।

## प्रशिक्षित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ प्राप्त करें

*प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बच्चा पार्क, मेरठ डा० श्रध्या सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री YUVA) योजना के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु अधिकतम रु. 5.00 लाख तक के कोलेट्रल-फ्री, गारंटी मुक्त तथा ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त योजना के अन्तर्गत ऐसे प्रशिक्षित अभ्यर्थी जिनके द्वारा विभागों/ संस्था यथा–उ०प्र० व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन, आई०टी०आई०, पॉलिटेक्निक, राजकीय/निजी इंजीनियरिंग कालेज, राजकीय तथा निजी नर्सिंग कालेज, NRLM+NULM (प्रशिक्षित) उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, व्यवसायिक कोर्स, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, स्टार्टअप, उद्यमिता विकास संस्थान, यूपीकॉन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है दिनांक 15 जनवरी 2025 तक संस्थान में उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अर्ह आयु–21-40 वर्ष, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता–कक्षा 8 उत्तीर्ण है। अधिक जानकारी के लिए मो. 9808777529 पर काल की जा सकती है। जनपद के युवाओं को उद्यमी बनाने के उद्देश्य से उ०प्र० सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सरधना, मेरठ में एक कार्यशाला का आयोजन करते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित नवयुवक एवं नवयुवतियों द्वारा रुचि लेते हुए योजना का ध्यानपूर्वक संज्ञान लिया गया तथा योजना की जानकारी के बारे में भी पूछताछ की गई। योजना के प्रचार-प्रसार हेतु सहयोगी संस्था यूथ कैरियर डेवलोपमेन्ट रिसर्च फाउंडेशन के सचिव, श्री बनी सिंह चौहान द्वारा उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त शहरी एवं ग्रामीण युवाओं/युवतियों को विस्तार से योजना के बारे में 01 लाख से 05 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से ब्याज एवं कोलेटरल मुक्त दिलाये जाने की जानकारी दी गई तथा विभागीय पोर्टल* https://msme-up--gov-in/ *एवं* https://diupmsme-upsdc-gov-पद *पर ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया तथा आवश्यक प्रपत्रों से श्री चन्द्रसैन गौतम, वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया है।*

***– श्रम शिखर ब्यूरो***

R.R. ADVERTISING SERVICES
Services
Outdoor, Print, Signage, Magazine
Events, Newspaper ads., Film
Digital Media, Awareness Program
NEWSPAPER
CLASSIFIED ADVERTISEMENT
ALL INDIA & INTERNATIONAL
ALL MEDIA AGENCY


BUSINESS
OBITUARY
PUBLIC NOTICE
LOST AND FOUND
CHANGE OF NAME
SALE & PURCHASE
JOBS INFORMATION
Call Us To Book Your Ads.
0121-2641338, 9690331338
SHRI KRISHAN BHAWAN, 283,
WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001
website- rradvertisingmeerut.com

## सेंट्रल मार्केट मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने व्यापारियों को झकझोरा

सेट्रल मार्केट मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने व्यापारियों को झकझोर दिया है। इस व्यापारी इस बारे में बात करते नजर आए।

जिसमेंसमाचार–पत्रों के माध्यम से आयी खबर जिसमें सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सेंट्रल मार्केट के ध्वस्तीकरण के संबंध में व्यापारियों का कहना है कि, अब उन्हें सरकार से आशा है। इसके लिए वे तमाम जन प्रतिनिधियों से बातचीत कर करेंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के पास जाकर भी गुहार लगाएंगे। प्रतिष्ठान और दुकानें ध्वस्त होने पर वे कहां जाएंगे। उनके परिवारों का क्या होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल मार्केट के अवैध निर्माण हो ध्वस्त करने आदेश दिए हैं।

व्यापारियों को उम्मीद थी कि निर्णय उनके पक्ष में आएगा। लेकिन निर्णय पक्ष में नहीं आने से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की तलवार लटक गई है। सद्भावना समिति के साथ संवाद में व्यापारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से उन्हें निराशा हाथ लगी है। दशकों से मेहनत करके खड़ा किया कारोबार समाप्त या खत्म होने का डर सता रहा है। ऐसे में उनके पास अब सिर्फ सरकार का ही सहारा है।

व्यापारियों ने मांग की जनप्रतिनिधि इस मामले का संज्ञान लेकर सहायता करें। ताकि व्यापार न उजड़े। साथ ही व्यापारियों ने कहा कि वे कानूनी राय लें रहें है। सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल करेंगे और सरकार से भी सकायता की गुहार लगाएंगे।

व्यापारियों ने कहा कि हमने अपनी मेहनत एवं खून–पसीने के बल पर मार्केट को खड़ा किया है।

ध्वस्तीकरण कोई विकल्प नही है।

सरकार व्यापारियों की समस्या का समाधान करने के लिए 'शमन नीति' लेकर आए। उल्लेखनीय है कि ये 1985 की योजना है जो सही तरीके से 1990 में विकसित हुई । इस पूरे मामले में जनप्रतिनिधियों का स्वत: संज्ञान में लेकर व्यापारियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। व्यापारियों का कहना है कि दुकानें ध्वस्त हुई तो सैकड़ों व्यापारियों के परिवार सड़क पर आ जाएंगे। जिसके कारण समाज में सरकार और अदालत के प्रति सही संदेश नही जाएगा। सुप्रीम कोर्ट को जनहित में अपने निर्णय पर उदारता–पूर्वक अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का अधिकार उसे प्राप्त है। इस आदेश से देश एवं समाज का विकास अवरुद्ध होगा। ऐसी सम्पत्तियों को व्यापारिक स्थल में भी तब्दील किया जाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में न्यायपालिका, कार्यपालिका का व्यवस्थापिका में जनहित विकास के लिए सुधार होना चाहिए। निर्णय समाधान, व्यावहारिक एवं प्राकृतिक

## उ.प्र. सरकार की एक मुफ्त योजना शुरू की गयी महिला की सहायता के लिए पूरे भारत में लागू

*बढ़ते हुए अपराधों को देखते हुए पुलिस ने एक मुफ्त यात्रा योजना शुरू की है पिछले बुधवार से, जहां कोई भी महिला जो अकेली है और उसे रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच घर जाने के लिए वाहन नहीं मिल रहा हो , वह पुलिस हेल्पलाइन नंबर (1091,100 और 7837018555) पर संपर्क कर सकती है और वाहन का अनुरोध कर सकती है। वे 24X7 घंटे काम करेंगे. कंट्रोल रूम का वाहन या नजदीकी पीसीआर वाहन/एसएचओ वाहन उसे सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाएगा. यह नि:शुल्क किया जाएगा। इस संदेश को अपने जानने वाले सभी लोगों तक पहुंचाएं।*


*अपनी पत्नी, बेटियों, बहनों, माताओं, दोस्तों और उन सभी महिलाओं को नंबर भेजें जिन्हें आप जानते हैं .. उन्हें इसे सहेजने के लिए कहें सभी पुरुष कृपया उन सभी महिलाओं के साथ साझा करें जिन्हें आप जानते हैं आपातकालीन स्थिति में महिलाएं खाली संदेश या मिस्ड कॉल कर सकती हैं .. ताकि पुलिस आपका स्थान ढूंढ सके और आपकी मदद कर सके*

***– श्रम शिखर ब्यूरो***

**अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट जायें और देखें, http://MyBhart.com और हमारे साथ शमिल हों**

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता



# ओशो

## आज और अभी से

## नए मनुष्य का युग-दर्शन



## ओशो के सर्वश्रेष्ठ विचार, जो बदल देंगे आपका जीवन

ओशो का जन्म 11 दिसंबर 1931 को मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में हुआ था। इनका मूल नाम रजनीश था। ओशो ने धर्म, समाज, विज्ञान, अध्यात्म आदि विषयों पर खुल कर अपने विचार प्रकट किए। इनके द्वारा दी गई शिक्षा आज के समय में भी प्रासंगिक है। मूल रूप से इन्होंने लोगों को अध्यात्म के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस कारण ओशो को आध्यात्मिक गुरु भी कहा जाता है। अध्यात्म की वकालत करते हुए इन्होंने धार्मिक पाखंड के ऊपर खुल कर अपने विचार व्यक्त किए। इनके क्रांतिकारी विचार से देश-दुनिया में करोड़ों लोग प्रभावित हुए और हजारों-लाखों की संख्या में भारत आने लगे। ओशो ने पूर्व के अध्यात्म और पश्चिम के भौतिकवाद को एक करने की बात कही। ओशो का मानना था कि व्यक्ति को बाहर और भीतर दोनों जगह से संपन्न होना चाहिए। पश्चिम का भौतिकवाद मनुष्य की बाहरी जरूरतों को पूरा करेगा और पूर्व की आध्यात्मिक विरासत उसको आंतरिक शांति प्रदान करेगी। ऐसे में आइए जानते हैं ओशो के उन सर्वश्रेष्ठ विचारों को, जो आपके जीवन को बदल देंगे। ओशो के मुताबिक हमें अपनी विशिष्टता का सम्मान करना चाहिए। हम अलग हैं यही हमारी पहचान है। हमें अपने व्यक्तित्व का दूसरों के साथ कभी तुलना नहीं करनी चाहिए। तुलना ही सभी समस्याओं की जड़ है। एक बार यदि हम अपनी विशिष्टता को स्वीकार कर लें तो जीवन के भीतर हर्ष और आनंद आ जाता है। यही जीवन में मस्त रहने का सबसे बढ़िया उपाय है।

ओशो का कहना था कि प्रेम आत्मा का भोजन है। जिस तरह शरीर की तृप्ति भोजन पाकर होती है। उसी तरह आत्मा की तृप्ति प्रेम पाकर होती है। ऐसे में हमें हमेशा अपने आस-पास प्रेम बांटते रहना चाहिए। उनके मुताबिक जो हम देते हैं वही हमारे पास 100 गुना मात्रा में वापस आता है। यही परमात्मा का खेल है।

उनके अनुसार जीवन में प्रेम के अलावा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। प्रेम ही वह चीज है, जिसने इस जगत् के भीतर रंग भर रखा है वरना सब चीज बेरंग हैं। हमें प्रेम में जीना सीखना चाहिए। यही मानवता है यही परमात्मा है। उन्होंने कहा था कि जीवन में तभी बदलाव घटित हो सकता है, जब उसमें प्रेम का वास हो।

ओशो के मुताबिक हम अपने जीवन में बदलाव बाहरी संदर्भों को देखकर लाते हैं। ऐसे बदलावों से आत्मा कभी भी खुश नहीं होती। वास्तविक बदलाव भीतर ही जन्म लेता है, जो शाश्वत होता है। इस बदलाव से हमारी जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है। हमारे अंदर आनंद का वास होता है।

आध्यात्मिक गुरु बनने की शुरुआत साल 1957 में जब रजनीश (Acharya Rajneesh) सिर्फ 26 साल के थे तब उन्होंने रायपुर के संस्कृत विश्वविद्यालय में बतौर प्रवक्ता नौकरी शुरू की. 3 साल बाद 1960 में जबलपुर यूनिवर्सिटी आ गए और दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर बन गए. वह पढ़ाने में इतना रम गए कि उनके टक्कर का कोई और प्रोफेसर दिखाई नहीं देता था. थोड़े दिनों बाद वह धर्म, राजनीति और समाज के तमाम जटिल विषयों पर प्रवचन देने लगे. उन्होंने सेक्स पर बात करनी शुरू की. उस वक्त सेक्स शब्द को ही टैबू माना जाता था और सार्वजनिक तौर पर कोई बात करना पसंद नहीं करता था. कुछ वक्त बाद रजनीश ने प्रोफेसर की नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह आध्यात्मिक गुरु बन गए - ओशो

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा
## (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभान्वित किया जा सकता है। क्योंकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावना समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वार्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतु भेज सकें।

## मैं किससे क्या बोलूं (काव्य रचना)



मैं किससे क्या बोलूं समझ नही आता है कुछ
हर व्यक्ति का है स्वभाव अलग-अलग
हर इंसान की सोच है। अलग-अलग, अपनी-अपनी
कहो अच्छी की लग जाती है उसको बुरी।
स्वभाव होता है सबका अलग-अलग, अपना-अपना कुछ होते हैं।
जो चाहते हैं अपनी बढ़ाई कहो कुछ समझाने की हो जाती है उलट-पलट
अब बताओ अब तुम ही किससे क्या कैसे बोलूं ।
दुनिया में सबकी सोच अलग-अलग अपनी समझ सकते हैं किसकी सोच है
कैसी, मन तो करता है अपने मन, तन की कहूं, किन्तु-कहूं कैसे, किसको
समझाऊ दिल की। कैसे समझू किसी के दिल की मैं बात कैसें। बस सोचा
एकाकी चिन्तन से मैंने, लग जाओ कुछ अपने ही काम में बस-अपने मन
की कहो बस अपने मन से ही - या फिर कहो ऊपर वाले से,
वह ही समझता है सबकी, बस-सोचा मैंने अपने से स्वयं ही,
यह जग सारा हैं उलझनों से भरा, मत उलझो किसी के जीवन से बस
जीवन भर कट जायेगा। बस एकाकी ही जग में।
अतः किससे क्या बोलूं - छोड़ दो सोचना,
जीवन में सोच होती है सबकी अलग-अलग बस यही कहना चाहती हूँ।
उपरोक्त वाक्य में त्रुटि के क्षमा प्रार्थनीय है।

ऊषा महेन्द्रि
अवकाश प्राप्त शिक्षिका

## साइबर अपराध पर रोकथाम के लिए ध्यान से पढ़िये। 1930 पर कॉल करें और धोखाधडी से बचें

1. अगर आपको इस बारे में कॉल किया जाता है कि TRAI आपका फोन डिस्कनेक्ट करने जा रहा है, तो जवाब न दें ।
2. अगर FedEU, DHL, BlueDart आदि कोई कुरियर आपको किसी पैकेज के बारे में कॉल करता है और 1 या 9 या कुछ और दबाने के लिए कहता है, तो जवाब न दें।
3. अगर कोई पुलिस अधिकारी आपको कॉल करता है और आपसे आधार के बारे में बात करता है, तो जवाब न दें ।
4. अगर वे आपको बताते हैं कि आप 'डिजिटल गिरफ्तारी' में हैं, तो जवाब न दें ।
5. अगर वे आपको बताते हैं कि आपके लिए या आपके द्वारा भेजे गए किसी पैकेज में ड्रग्स पाए गए हैं, तो जवाब न दें
6. अगर वे कहते हैं कि आप किसी को नहीं बता सकते, तो उनकी बात न सुनें । आप तुरन्त 1930 पर साइबर क्राइम पुलिस को सूचित करें।
7. अगर वे आपसे WhatsApp या SMS के जरिए संपर्क करते हैं, तो जवाब न दें।
8. अगर कोई आपको कॉल करके कहता है कि उसने गलती से आपके UPI आईडी पर पैसे भेज दिए हैं और वह सिर्फ अपना पैसा वापस चाहता है, तो जवाब न दें।
9. अगर कोई कहता है कि वह आपकी कार या आपकी वॉशिंग मशीन या आपका सोफा खरीदना चाहता है और कहता है कि वह सेना या CRPF से है और आपको अपना आईडी कार्ड दिखाता है, तो जवाब न दें ।
10. अगर कोई कहता है कि वह स्विगी या जोमैटो से कॉल कर रहा है और उसे 1 या कुछ और दबाकर अपने पते की पुष्टि करने की आवश्यकता है, तो जवाब न दें ।
11. अगर वे आपसे ऑर्डर या राइड या जो भी रद्द करने के लिए ओटीपी साझा करने के लिए कहते हैं, तो जवाब न दें। किसी भी स्थिति में, अपना ओटीपी फोन पर किसी के साथ साझा न करें ।
12. कभी भी वीडियो मोड पर किसी कॉल का जवाब न दें , ऑफलाइन सत्यापित करें ।
13. हमेशा जाँच करें कि क्या ऐसे पत्र अधिकृत सरकारी पोर्टल से हैं डिजिटल स्वच्छता के मामले में, अपना पता स्थान, फोन, आधार, पैन, जन्मतिथि या कोई भी व्यक्तिगत विवरण किसी के साथ फोन या संदेशों पर साझा न करें वास्तव में, कॉल पर अपना नाम भी स्वीकार करने से मना करें । उन्हें बताएं कि चूँकि उन्होंने आपको कॉल किया है, इसलिए उन्हें आपका नाम, नंबर और जो भी विवरण वे चाहते हैं कि आप पुष्टि करें, पता होना चाहिए। भले ही उनके पास आपका विवरण हो, लेकिन पुष्टि या अस्वीकार न करें या किसी भी बातचीत में न उलझें। बस डिस्कनेक्ट करें और ब्लॉक करें। इनमें से प्रत्येक मामले में और इसी तरह के अन्य मामलों में, खुद को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया सरल है कॉल काटें, नंबर नोट करें और ब्लॉक करें कॉल के दौरान कोई भी नंबर न दबाएँ, उनकी बात न सुनें । बस कॉल काटें, नंबर ब्लॉक करें याद रखें। अगर वे आप पर दबाव डाल रहे हैं, आपको डरा रहे हैं,


## स्वामी विवेकानन्द



जब तक जीना,
तब तक सीखना,
अनुभव ही जगत् में, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।


सद्भावना समिति (पंजी.) रामकृष्ण आश्रम, तिलक रोड, मेरठ
रवि कुमार एडवोकेट संयोजक
Sadbhavna Waves
Shram Shikhar
shramshikhar.co.in
sadbhavnasamiti.in

## चुटकुले बोलते हैं




टीचर : हॉस्पिटल में ऑपरेशन से पहले मरीज को बेहोश क्यों करते हैं?
स्टूडेंट : अगर बेहोश नहीं किया और मरीज ऑपरेशन करना सीख गया तो डॉक्टरों को कौन पूछेगा?

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




## मेरठ नगर निगम कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को एन.टी.पी.सी. के विद्युत व्यापार निगम लि. की जरूरत

*मेरठ नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण प्लाटं लगवाने के लिए एन.टी.पी.सी. के साथ किए गए अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत कूड़ा तक नगर निगम को पहुँचाना होगा। इसके लिए नगर निगम को कम से कम 250 वाहन खरीदनें होंगे। इसके लिए नगर निगम को 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए नगर निगम, सरकार की ओर देख रहा है। सद्भावना समिति वरिष्ठ नागरिक फोरम का मानना है। सांसद, विधायक निधि से कोरोना काल की भाँति मदद करें तो व्यवस्था होना कोई मुश्किल नहीं है।*

*मेरठ महानगर से रोजाना 1200 मैट्रिक टन कूड़ा निकलता है। मात्र 300 डी.टी.पी. का लीगेसी वेस्ट प्लांट निगम का लगा हुआ है। इससे कूड़े के ढेर मंगतपुरा व लोहिया नगर में लगें है। कूड़ा निस्तारण न होने से एनजीटी से निगम को लताड़ व उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा 500 करोड़ के जुर्माना निगम पर लगाने के बाद निगम ने एनजीटी से गांवडी में 300 करोड़ की लागत से 900 टी.पी.डी. क्षमता का वेस्ट टू चार कॉल प्लांट लगवाने का अनुबंध किया है। इस प्लांट में ताजे कूड़े से हरित कोयला बनेगा जो बिजली उत्पादन में काम आयेगा। निगम ने इस प्लांट के लिए गांवडी में 15 एकड़ भूमि एनटीपीसी को 25 वर्ष के लिए दी है। प्लांट चालू करने की अवधि दो वर्ष रखी गई है। इस प्लांट का गत वर्ष के आखिर में भूमि पूजन हो चुका है।*

*अनुबंध के अंतर्गत नगर निगम को प्रति दिन 700 मैट्रिक टन कूड़ा छटाई कराने के बाद सुखाकर इस प्लांट के लिए देना होगा। नाले की सिल्ट, ईंट, पत्थर का कोई धातु इस कूड़े में प्लांट नही लेगा। गीला कूड़ा सूखाने के लिए निगम को 30 करोड़ की लागत से प्लांट लगाना होगा। इसके लिए एनटीपी ने 5 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने को निगम से कहा है जिसके लिए 100 करोड़ खर्च आयेगा। इसके बाद मेरठ महानगर का पूरा कूड़ा सुखाकर प्लांट पर भेजा जा सकेगा।*

*– श्रम शिखर ब्यूरो*




हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.)

## हमारे प्रयास और उपलब्धियां

**मेरठ राइजिंग**

सर्वांगीण विकास के विभिन्न रूपों में, विकसित दृष्टिकोण की जरूरत है।

**सद्भावना समिति द्वारा मेरठ विकास के लिए किये जा रहे प्रयास**

**प्रेरणापूर्वक कार्य**—समाजिक एवं राष्ट्र विकास के लिए जन—जन सहयोग, सुझाव, भागीदारी आवश्यक है। समाजिक व राष्ट्र के विकास के लिए आप हमें सुझाव मन की बात संभावनाओं की विडियो बनाकर हमें भेज सकते हैं। जिससे राष्ट्र, समाज के विकास में आप, अपनी भूमिका निभा सकें।

**सद्भावना समिति द्वारा नौचंदी मेले के अतिरिक्त समय में नौचंदी मैदान को विकसित व व्यवसायिक केन्द्र बना आय बढ़ाने के संबंध में :—** सद्भावना समिति वर्षों से जनहित के साथ शहर के विकास के लिए भी लगातार प्रयासरत् है। इसी संबंध में नौचंदी मैदान को अतिरिक्त समय में उसको व्यवसायिक केन्द्र शादी—विवाह स्थल बनाकर विकसित करने के साथ अतिरिक्त आय बढ़ाने के लिए भी कोशिश कर रही है। नौचंदी मैदान में अतिरिक्त समय के लिए नौचंदी मैदान को व्यवसायिक स्थल व शादी के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। जिससे आय के स्रोत भी बढ़ेगे और मेरठ के विकास भी विकास होगा। जो समाज में एक सकारात्मक संदेश देगा।

इसके लिए 06.01.2024 में संबन्धित अधिकारियों को पत्र लिखे गये। उसके बाद 12.03.2024 में भी नौचंदी मैदान को विकसित करने के लिए पत्र लिखें गये।

हमारे पत्र के जवाब में हमें 20.04.2024 के दिनांक को अधिशासी अभियंता नगर निगम द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसमें अवगत कराया गया की नौचंदी मैदान हमारे अधिकार क्षेत्र में नही आता हैं। आपके पत्र को जिला प्रशासन को अग्रसित किया जा रहा है। संबन्धित विषय पर 08.06.2024 में भी पत्र दिये गये है। जिसके जवाब हमें नहीं मिलें हैं।

हमारे प्रयास व उपलब्धियों की अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट पर देखें।
sadbhavnasamiti.in — रवि कुमार एडवोकेट संयोजक मो० **9675834737**

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर,
श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

### श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**—श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121—2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** — श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**—(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**— राखी मित्तल—एफ—1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस—1, न्यू दिल्ली—110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**— राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस—4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**— विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899 **दिल्ली**— **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी—120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**— अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**—अचल गुप्ता, बी— 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई—63 मो.9920939916, **सरधना**—महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला —गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

## जन-जन के लिए अवसर

### पुस्तक का महत्व

नाम.................................................................................उम्र .................................................
कक्षा .................................................. हस्ताक्षर ..........................................................
पिता का नाम/ फोन.................................................................................................................
घर का पता.............................................................................................................................
पता ......................................................................................फोन............................................

(आधार कार्ड या स्कूल का आईडी कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

**प्रगति प्रकाशन** (प्रमुख पाठ्य-पुस्तक प्रकाशक)

**M. 9411051690 | support@pragatiprakashan.in**

लेख/विडियों आमंत्रित हैं :—

- अपनी वीडियो/लेख भेजें।
- पुस्तक की भूमिका बतायें/लिखें।
- पुस्तक पर अपने अनुभव लिखें/बनायें।
- अपनी पसंद की पुस्तकें (नाम, विषय) बताएँ।

PRAGATI
INTERNATIONAL RESEARCH JOURNAL
ACTA CIENCIA INDICA

वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ— 250001 उ.प्र.

पुस्तक अवसर :— अपनी पुस्तक का महत्व, उपयोग पर अनुभव आधारित लेख या अपने मोबाइल से वीडियों बनाकर , सद्भावना समिति के पतें पर भेजें, www.sadbhavnasamiti.in गुणवत्ता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा।

## स्वस्थ दांत, तन-मन के विकास का द्वार है

### मेडिकल जांच का अवसर - 2025 ऑफर

- सावधानी:— सोने से पूर्व एवं उठने पर दिन में दो बार ब्रश करें । • कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें। • शरीर की जरूरत से•पानी पीते रहे।
- स्वयं की जांच :— कैविटी, सफाई की स्वयं एवं परिवार सदस्य की जांच करें।
- मेडिकल जांच :— समय—समय पर अपने डेन्टिस्ट को दिखायें। विद्यालय में छात्रों एवं अध्यापकों को फीस में 75% अभिभावकों को 50% जांच शुल्क में छूट का अवसर निम्न चिकित्सकों द्वारा 2025 अवधि में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए विद्यालय का आईडी कार्ड फोटो कॉपी पर इस अखबार में प्रकाशित कूपन देना होगा। तथा डॉ. से फोन पर ही पूर्व निर्धारित समय पर ही मिलने आयें।

लेखन अवसर :— अपने दांतों का महत्व, उपयोग पर अनुभव आधारित लेख या अपने मो. से वीडियो बनाकर , सद्भावना समिति के पतें पर भेजें, www.sadbhavnasamiti.in गुणवत्ता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा।

**सद्भावना उपहार 2025**
स्वास्थ्य को स्वस्थ बनायें
जांच शुल्क में
**50% से 75%** तक की
छूट एक बार
**इस कूपन को साथ लायें**

**डॉ. विवेक मित्तल** शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक
बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212
615, ज्वालापुरी, नाला रोड, माधवपुरम क्रांसिग हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड, मेरठ

**डॉ. नीरजा सिंह डेन्टल केयर सैन्टर**
Dental Surgeon, Ex President I.D.A. Meerut
समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 8899293720
जिला सहकरी बैंक के बराबर में, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ

डाक पंजीकरण संख्या—मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**इच्छाओं और जरूरतों का समाधान**

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर **CITY MEERUT CLASSIFIED**

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



**MATRIMONAL**

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर.एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/ उपलब्धता

